Government of Western Australia
Child and Adolescent Health Service


# क्या अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (ADHD) आनुवंशिक होता है?


## सारांश

- शोध से पता चलता है कि ADHD वंशानुगत (एक आनुवंशिक योगदान) हो सकता है। इसका अर्थ यह है कि अगर किसी बच्चे के परिवार का कोई करीबी सदस्य भी ADHD से पीड़ित है, तो उस बच्चे को ADHD होने की संभावना अधिक होती है।
- आप अपने बच्चे के परिवेश में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं जिनका उसके ADHD लक्षणों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।


## जीन (वंशाणु) से क्या तात्पर्य है?

जीन हमारे शरीर में कोशिकाओं के निर्माण खंड हैं। हम अपने माता-पिता से जीन विरासत में प्राप्त करते हैं (उदाहरण के लिए बाल और आंखों का रंग आदि)। बालों और आंखों के रंग की तरह ही, मस्तिष्क के विकास के तरीके को प्रभावित करने वाले जीन भी बच्चे विरासत में प्राप्त कर सकते हैं।




## क्या जीन ADHD में योगदान देते हैं?

ADHD के सटीक कारण के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं है। खोज हमें बताती है कि यदि किसी बच्चे के करीबी रिश्तेदार को ADHD है तो उस बच्चे को ADHD होने की संभावना अधिक होगी। हालांकि, समय से पहले जन्म हो जाना या गर्भावस्था में धूम्रपान करना जैसे अन्य कारक ADHD के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। यह हमें बताता है कि जीन और परिवेश, दोनों, बच्चे को ADHD होने में योगदान दे सकते हैं।

## जीन (वंशाणु) और आपके आसपास के वातावरण के बीच की अंत:क्रिया

जीन महत्वपूर्ण हैं, हालांकि, बच्चे का ध्यान, विनियमन और एकाग्रता कौशल परिवेश से भी प्रभावित होता है, जैसे कि परिस्थितियां, लोग और उनके आसपास होने वाली घटनाएं।

इसमें निम्नलिखित शामिल हो सकता है:

- उनका घर और स्कूल संबंधी जीवन
- उनके द्वारा खाया जाने वाला भोजन
- उनकी नींद की मात्रा और गुणवत्ता
- सामुदायिक गतिविधियाँ, जिनमें वे भाग लेते हैं
- उनके आस-पास के लोगों के साथ उनके रिश्ते।

अपने बच्चे के वातावरण में बदलाव लाने से उसके ADHD लक्षणों पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

ध्यान, विनियमन और एकाग्रता वेबपेज पर जाकर उन व्यवहारिक तरीकों का पता लगाएँ जिनसे आप अपने बच्चे की मदद कर सकते हैं।

इस प्रकाशन का उद्देश्य सामान्य शिक्षा एवं जानकारी प्रदान करना है। किसी भी प्रकार की आवश्यक चिकित्सीय सलाह के लिए योग्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से संपर्क करें।
©State of Western Australia, Child and Adolescent Health Service, June 2025
CAH-001853